**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 06.12.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का किया उद्‌घाटन।**
- **सुकमा जिले में एक महिला सहित सात माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।**
- **बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की उनहत्तरवीं पुण्यतिथि को आज महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।**

- **मौसम विभाग के अनुसार बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में आठ, नौ और दस दिसम्बर को हो सकती है वर्षा।**

**प्रधानमंत्री–अष्टलक्ष्मी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्‌घाटन किया। तीन दिवसीय इस महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखेगी। इस दौरान पूर्वोत्तर की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक प्रथाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि अब देश के दूसरे हिस्सों की तरह ही पूर्वोत्तर राज्यों का भी विकास होगा, जिसमें अष्टलक्ष्मी की अहम भूमिका होगी। इस महोत्सव में कारीगरों की प्रदर्शनियां, ग्रामीण हाट, राज्य विशेष मंडप और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

**टीबी–उन्मूलन अभियान**

टीबी के मामलों और मृत्यु दर की चुनौतियों से निपटने के लिए कल सात दिसंबर को हरियाणा के पंचकूला में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सौ दिवसीय अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान तैंतीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन सौ सैंतालीस जिलों में लागू किया जाएगा। अभियान के तहत टीबी मामलों का पता लगाने, निदान में तेजी लाने और उपचार के परिणामों में सुधार लाने के लिए इसे डिज़ाइन किया गया है। यह टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस बीमारी से निपटने की गतिविधियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

**पुलिस कर्मी–बैंक समझौता**

छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने आठ प्रमुख बैंकों के साथ पुलिस सैलरी पैकेज के तहत समझौता किया है। समझौता के तहत पुलिस कर्मियों के परिजनों को सामान्य मृत्यु के मामलों में एक से दस लाख रूपए तक की जीवन बीमा राशि, दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में दस लाख से एक करोड़ रूपए, स्थायी विकलांगता के मामलों में तीस लाख से एक करोड़ तक और आंशिक विकलांगता के लिए साढ़े बाईस लाख से एक करोड़ तक की बीमा राशि का प्रावधान शामिल है। इसी तरह, बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए चार लाख से बीस लाख तक और कन्या विवाह के लिए पांच लाख से दस लाख तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध होगी। नक्सल हिंसा में शहीद होने वाले पुलिस कर्मियों के परिवारों के लिए दस लाख से पचास लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पहल को पुलिस कर्मियों के लिए सुरक्षा और सहयोग का एक मजबूत आधार बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता न केवल पुलिस कर्मियों को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा, बल्कि उनके परिवारों की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पहल को पुलिस विभाग के कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।

**राज्यपाल–व्हाइट कोट समारोह**

राज्यपाल रमेन डेका आज पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित व्हाइट कोट समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। चिकित्सक अपने ज्ञान को अद्यतन

रखने के साथ–साथ मानवीय संवेदनाओं को साथ लेकर चलें। समारोह में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को चिकित्सा नैतिकता की शपथ दिलाई गई।

**मेकाहारा–अस्पताल भवन निर्माण**

रायपुर के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय परिसर में मरीजों के बढ़ते दबाव को देखते हुए सात सौ बिस्तर वाले नये अस्पताल भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए दो सौ इकतीस करोड़ रूपए की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस एकीकृत अस्पताल भवन के निर्माण होने से रायपुर सहित प्रदेश के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।

**माओवादी–आत्मसमर्पण/मुठभेड़**

सुकमा जिले में एक महिला सहित सात माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। ये सभी माओवादी मिलिशिया सदस्य बताए जा रहे हैं। आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

वहीं, कल रात बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झिड़पल्ली के पास सुरक्षा बलों द्वारा स्थापित किए गए कैम्प के बाहरी हिस्से में माओवादियों ने हमले का प्रयास किया। माओवादियों की ओर से गोलीबारी की गई, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इसके बाद माओवादी जंगल की ओर वापस भाग गए।

इधर, कांकेर जिले के काकनार और कुरकुंज के जंगलों मे सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक बारह बोर की बंदूक, नौ कारतूस सहित भारी मात्रा में माओवादी सामाग्री बरामद की है।

**किसान–सम्मानित**

नारायणपुर के दो किसान – चौतू राम यादव और नीलकंठ नाग को मिलेनियर फार्मर ऑफ़ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में एक से तीन दिसंबर तक मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया कार्यक्रम में यह अवार्ड प्रदान किया गया। इन दोनों किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर के सहयोग से नवाचार और समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर अपनी आय बढ़ाई है।

चौतू राम यादव ने धान की खेती के साथ पशुपालन, मछली पालन, और केंचुआ खाद उत्पादन से आय के नए साधन विकसित किए। वहीं, नीलकंठ नाग ने सब्जी उत्पादन, मछली और बतख पालन को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने नारायणपुर के इन किसानों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**भीमराव अंबेडकर–पुण्यतिथि**

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की उनहत्तरवीं पुण्यतिथि को आज महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब के योगदान को दर्शाने के लिए छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष की शुरूआत में मुंबई की चैत्य भूमि की अपनी यात्रा का एक चित्र साझा करते हुए बाबा साहब अम्बेडकर को सामाजिक न्याय का आकाशदीप बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का समानता और मानवीय मर्यादा के लिए अथक संघर्ष लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **भारत के संविधान की विशेषताओं पर गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर की प्रोफेसर डॉक्टर अनुपमा सक्सेना से** ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल सात दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**दुर्घटना**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूरजपुर जिले से लगे चंद्रपुर ओवरब्रिज के पास आज सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार वाहन का एक पहिया निकल गया, जिसकी वजह से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो महिलाओं और एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। चारपहिया इस वाहन में सात लोग सवार थे और ये सभी विवाह समारोह में शामिल होकर अंबिकापुर से मनेन्द्रगढ़ वापस लौट रहे थे। हादसे में

घायल पिता और उसके दस वर्षीय पुत्र को अम्बिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, वाहन में सवार दो अन्य महिलाएं सुरक्षित हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में नमी युक्त हवाओं के असर से मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानी एच. पी. चन्द्रा ने बताया कि आठ, नौ और दस दिसम्बर को वर्षा होने के आसार है। बादल छटने के बाद दस दिसम्बर से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने और ठंड बढ़ने की सम्भावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– जगदलपुर में पुलिस ने एक नगर सैनिक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके घर से बीस किलो गांजा बरामद किया गया है। यह नगर सैनिक बस्तर कमिश्नर के कार्यालय में सुरक्षा गार्ड के पद पर पदस्थ है।

– रायपुर में राज्य जीएसटी विभाग के अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने और शासकीय कार्य में बाधा करने के आरोप में आज जीएसटी विभाग ने दो फर्मों पर जांच और जब्ती की कार्रवाई की है। इनके खिलाफ एफ.आई.आर. भी दर्ज कराई गई है।

– स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में तैंतालीस करोड़ दस लाख रुपए की लागत के सैंतीस विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने मरवाही में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए तीन करोड़ और जिला चिकित्सालय के लिए पैंतीस करोड़ रूपए प्रदान करने की घोषणा की।

– राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बालौदाबाज़ार जिले के ग्राम पंचायत बुडगहन में नवनिर्मित महतारी सदन,पानी टंकी और राशन दुकान का लोकार्पण किया।

– वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण पर रायपुर स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में आज एक दिवसीय गोलमेज़ सम्मेलन का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>